डॉ. के. वी. राजू, आर्थिक सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश (सचिव भारत सरकार स्तर) का दिनांक 17 सितम्बर 2021 को महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र की समीक्षा बैठक कार्यक्रम की कार्यवाही

दिनांक 17 सितम्बर 2021 को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर में डॉ के. वी. राजू, आर्थिक सलाहकार माननीय मुख्यमन्त्री, उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में प्रो. राजेश सिंह, कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्राचार्य, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, श्री नरेश त्रिखा, केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष तथा विषय वस्तु विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। बैठक में डॉ. संदीप कुमार सिंह द्वारा महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र का प्रगति प्रतिवेदन (नवम्बर 2020 से जून 2021) एवं कार्य योजना (जुलाई से दिसम्बर 2021) का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुति उपरान्त डॉ. के.वी. राजू एवं अन्य सदस्यों द्वारा निम्नलिखित सुझाव एवं निर्देश दिये गये –

सुझाव

प्रो. राजेश सिंह, माननीय, कुलपति

1. विजन डाक्यूमेंट 3 से 5 वर्ष का तैयार करने पर काम करें (दो से तीन महिने मे तैयार करें)।
2. महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा गठित किये गये FPO में से 3 या 4 FPO दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एडॉप्ट करेगा।
3. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत किसानों को बकरी बांटने हेतु बकरी पालक कृषकों का चयन डॉ. वी. पी. सिंह द्वारा कर लिया जाय।
4. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत बकरी क्रय हेतु सरकारी / प्राइवेट फर्मों से कोटेशन मंगा लें।
5. FPO में एक शेयर होल्डर से अधिकतम 1000 (एक हजार) रुपये ले सकते हैं।
6. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत 2021-22 में स्वीकृत परियोजना को पी.पी.पी. मॉडल पर करना है। डॉक्यूमेंट तैयार करने में के.वी.के. एक्सपर्ट नहीं है। इसके लिए एक्सपर्ट की व्यवस्था दी.द.उ. गो. वि.वि. गोरखपुर करेगा।
7. पी.पी.पी मॉडल पर पाँच वर्ष का बीज उत्पादन एवं मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग सेन्टर पर प्लान डॉ. संदीप कुमार सिंह तैयार करें।
8. एफ.पी.ओ. में शेयर होल्डर्स बढ़ाने पर जोर दिया जाय।

डॉ. के. वी. राजू

1. के. वी. के. का स्ट्रेटिजिक प्लान बनाकर कार्य करें।
2. वैज्ञानिकों की कार्य दक्षता बढ़ाने हेतु वैज्ञानिकों को अन्य कृषि संस्थानों से प्रशिक्षण दिलाया जाय।
3. प्रति वर्ष के. वी. के. का आय बढ़े इस पर कार्य करें।

श्री नरेश त्रिखा

1. केन्द्र पर तीन वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्य योजना मछली पालन, बीज उत्पादन, सब्जी उत्पादन, गुड़, शहद एवं मशरुम पर तैयार कर परियोजना से सम्बन्धित विशेषज्ञ अपनी कार्य योजना 25/09/2021 तक डॉ. वी. पी. सिंह को दे देंगे। डॉ. वी. पी. सिंह द्वारा सभी परियोजना को संकलित कर पी.डी.एफ की फाइल बनाकर दिनांक 29/09/2021 तक डी.डी. यू. – के. वी. के. के व्हाट्सऐप ग्रुप पर डाल देंगे।

13/10/21 13/10/2021 13/10/21 13/10/21 13/10/21